Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 26 / 07 / 2022

प्रकाशनार्थ

**डीडीयूजीयूः 51 सौ अभ्यर्थियों ने दी यूजी–पीजी प्रवेश परीक्षा**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2022–23 में दाखिले के लिए चल रही स्नातक और परास्नातक की प्रवेश परीक्षा के लिए अंतर्गत मंगलवार को 5100 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। सभी केंद्रों पर सकुशल परीक्षाओं का आयोजन हुआ।

सुबह की पाली में सुबह 9–11 बजे तक बीएससी बॉयोः होमसाइंस की परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा में 4100 अभ्यर्थी शामिल हुए। दोपहर की पाली में 2–4 बजे तक एमएससी बॉटनीः एमए समाजशास्त्र और पीजी डिप्लोमा इन सोशल वर्क की परीक्षाओं में 1000 अभ्यर्थी शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा के लिए सुबह की पाली में विद्यार्थियों के केंद्र पर पहुंचने का सिलसिला सुबह सात बजे तो दोपहर में 1 वजे से ही प्रारंभ हो गया था। निर्धारित परीक्षा केंद्र पर उनके एडमिट कार्ड की जांच कर उन्हें केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया।

आज इन विषयों की होंगी परीक्षाएं

स्नातक की प्रवेश परीक्षाओं के अंतर्गत बुधवार को सुबह की पॉली में 9–11 बजे तक

बीकॉम की प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। दोपहर में एमए हिंदी, एमएससी जुलोजी और एमएससी एक्वाकल्चर की परीक्षाएं होंगी।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur